Roll No.
रोल नं.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**Code No. 001**

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HINDI - (A)
# हिन्दी – (अ)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से इनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*

***नोट :***

(i) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 11 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

(ii) *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

(iii) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 15 प्रश्न हैं।*

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10:15 बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में 10 : 15 बजे से 10 : 30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

(vi) *इस प्रश्न-पत्र में **चार खंड** हैं – **खंड -'क', खंड - 'ख', खंड -'ग'** और **खंड - 'घ'।***

(vii) ***सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(viii) *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

(ix) ***खंड - 'क'** में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है।*

(x) ***खंड - 'ख'** में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

(xi) ***खंड - 'ग'** में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 21 हैं।*

(xii) ***खंड - 'घ'** में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।*

(xiii) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

## खंड - क

## ( अपठित बोध )

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

पेंगुइन विश्व का एक ऐसा पक्षी है, जो उड़ नहीं सकता, लेकिन बर्फ पर चल सकता है। सागर में कूद-फाँद सकता है और इसकी गहराइयों में तैर सकता है। अपने पैर व पूँछ के सहारे यह धरातल पर सीधे खड़े रह सकता है। पृथ्वी का बर्फीला दक्षिणी गोलार्द्ध इसका मूल स्थान है। इसकी मुख्य प्रजातियाँ अंटार्कटिका व आस-पास के क्षेत्रों में पाई जाती हैं और कुछ साथ लगे शीतोष्ण प्रदेशों में भी फैली हुई हैं। पेंगुइन की लगभग 17 प्रजातियाँ हैं, जिनमें लगभग 13 विलुप्ति के कगार पर हैं।

पेंगुइन पानी में औसतन 900 फीट गहराई तक तैर सकता है और बीस मिनट तक साँस रोक सकता है। इसके दाँत नहीं होते और अपना शिकार खाने के लिए यह चोंच का उपयोग करता है। इसकी औसतन आयु 15 से 20 वर्ष की होती है। पेंगुइन झुंडों में रहते हैं, बर्फ से ढके दुर्गम इलाकों में इनकी अनोखी बस्तियाँ देखी गई हैं। प्रजनन के दौरान पेंगुइन जोड़ा बनाकर रहते हैं। मादा अंडे देती है और नर इनको सेते हैं, इस बीच मादा सागर में उतरकर भोजन एकत्र करती है।

ज्ञात हो कि प्रजनन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पेंगुइन को 09 महीने तक ठोस बर्फ चाहिए होती है। इनके रोएँदार निचले हिस्से को जलरोधी पंख में ढालने के लिए बर्फ में रहना आवश्यक होता है। बिना पूरी तरह तैयार हुए पानी में उतरने से इनके बच्चों की मौत हो जाती है। अनुमान है कि इसी गति से बर्फ पिघलती रही तो सदी के अंत तक 90 प्रतिशत पेंगुइन की प्रजाति समाप्त हो जाएगी। यदि जलवायु परिवर्तन को हम थाम सकें तो यह भविष्यवाणी टल सकती है। इसलिए पेंगुइन के संरक्षण के प्रयास जारी हैं। हर वर्ष इनके संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को विश्व पेंगुइन दिवस मनाया जाता है। मौसम परिवर्तन के अतिरिक्त पेंगुइन के अस्तित्व के लिए खतरा सागरीय प्रदूषण, अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप तथा मछली उद्योग से है।

(क) **कथन** तथा **कारण** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए : **1**

**कथन :** प्रजनन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पेंगुइन को 9 महीने तक ठोस बर्फ चाहिए होती है।

**कारण :** पेंगुइन के रोएँदार निचले हिस्से को जलरोधी पंख में ढालने के लिए बर्फ में रहना आवश्यक है।

(A) **कथन** सही है, किंतु **कारण** गलत है।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या है।

(D) **कथन** सही है किंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) पेंगुइन के संबंध में निम्नलिखित में से सही कथन छाँटकर उपयुक्त विकल्प चुनिए : **1**

(I) पेंगुइन सागर की गहराई में तैर सकता है।

(II) पेंगुइन की कुछ प्रजातियाँ आसमान में 15 मिनट तक उड़ सकती हैं।

(III) पेंगुइन केवल पूँछ के सहारे धरातल पर खड़े हो सकता है।

(IV) पेंगुइन के दाँत नहीं होते हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं।

(B) कथन (II) और (III) सही हैं।

(C) कथन (I) और (IV) सही हैं।

(D) कथन (II) और (IV) सही हैं।

(ग) विश्व पेंगुइन दिवस क्यों मनाया जाता है? **1**

(A) प्रचार – प्रसार के लिए

(B) पेंगुइन संरक्षण के लिए

(C) जागरूकता फैलाने के लिए

(D) पेंगुइन के महत्व पर चर्चा करने के लिए

(घ) प्रजनन प्रक्रिया पूरी करने के लिए पेंगुइन को ठोस बर्फ की आवश्यकता क्यों पड़ती है? **2**

(ङ) पेंगुइन के अस्तित्व को खतरा किससे है और इन्हें कैसे बचाया जा सकता है? **2**

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

सूर्य से अलग होकर पृथ्वी का घूमना शुरू हुआ
शुरू हुआ चुंबकत्व
धातुओं की भूमिका शुरू हुई
धातु युग से पहले भी था धातु युग
धातु युग से पहले भी है धातु युग
कौन कहता है कि धातुएँ फलती-फूलती नहीं हैं
इन दिनों
फलों और फूलों में वे सबसे ज्यादा मिलती हैं
पानी के बाद
मछलियों और पक्षियों में होती हुई
वे आकाश-पाताल एक कर रही हैं
दफ़्तर जाते हुए या बाज़ार
या घर लौटते हुए वे हमें घेर लेती हैं धुएँ में
और ख़ून में घुलने लगती हैं
चिंतित हैं धातु विज्ञानी
कि असंतुलित हो रहे हैं धरती पर धातु के भंडार
कि उनके जिगर में, गुर्दों में, नाखूनों में
त्वचा में, बालों की जड़ों में जमती जा रही हैं
अभी वे विचारों में फैल रही हैं लेकिन
एक दिन वे बैठी मिलेंगी
हमारी आत्मा में
फिर क्या होगा
गर्मी में गर्म और सर्दी में ठंडी
खींचो तो खिंचती चली जाएँगी
पीटो तो पिटती चली जाएँगी
ऐसा भी नहीं हैं
कि इससे पूरी तरह बेख़बर हैं लोग
मुझसे तो कई बार पूछ चुके हैं मेरे दोस्त
कि यार नरेश
तुम किस धातु के बने हो!

(क) धातुओं की भूमिका कब से शुरू हुई ? **1**

(A) धातु युग से

(B) पृथ्वी के आरंभ से

(C) सूर्य की शुरुआत से

(D) पाषाण युग से

(ख) **कथन** और **कारण** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए : **1**

**कथन :** फलों और फूलों में धातुएँ प्रचुर मात्रा में मिलती हैं।

**कारण :** धातुएँ सदैव फलती-फूलती रहती हैं।

(A) **कथन** गलत है, किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण**, कथन की सही व्याख्या है।

(D) **कथन** सही है किंतु **कारण**, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) धातुओं के संबंध में कवि ने क्या कहा है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) धातुएँ मछलियों और पक्षियों को छोड़कर सारे संसार में व्याप्त हैं।

(II) धातुएँ मनुष्य के ख़ून में घुल रही हैं।

(III) धातुएँ आकाश-पाताल एक कर रही हैं।

(IV) धरती पर धातुओं के भंडार संतुलित हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं।

(B) कथन (II) और (III) सही हैं।

(C) कथन (III) और (IV) सही हैं।

(D) कथन (I), (II) और (III) सही हैं।

(घ) मनुष्यों में धातुओं की उपस्थिति किस ओर संकेत करता है और कैसे ? **2**

(ङ) लोग किस बात से पूरी तरह बेख़बर नहीं हैं और क्यों ? **2**

## खंड - ख
## ( व्यावहारिक व्याकरण )

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4x1=4**

(क) बालगोबिन भगत कनपटी तक जाने वाली टोपी पहनते थे। (मिश्र वाक्य में बदलिए) **1**

(ख) नगरपालिका के अधिकारी मिले और नेताजी की मूर्ति बनवाने का निर्णय लिया। (सरल वाक्य में बदलिए) **1**

(ग) शीला अग्रवाल ने लेखिका की प्रशंसा करके उत्साह बढ़ाया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) **1**

(घ) रीड अंदर से पोली होती है, जिसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) **1**

(ङ) जब मन्नू भाषण दे रही थी तब पिताजी के मित्र वहाँ आ निकले। (रचना के दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) **1**

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4x1=4**

(क) बालगोबिन भगत संध्या के समय भजन गाते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) **1**

(ख) नवाब साहब द्वारा खीरा नहीं खाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) **1**

(ग) कर्ता की प्रधानता वाले वाक्य में कौन सा वाच्य होता है? **1**

(घ) बालगोबिन भगत रात भर सो न सके। (भाव वाच्य में बदलिए) **1**

(ङ) हालदार साहब द्वारा कैप्टन की देशभक्ति का सम्मान किया गया। (वाच्य पहचानकर उसका भेद बताइए) **1**

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए : **4x1=4**

(क) वे चाहते थे कि मैं <u>रसोई से</u> दूर रहूँ। **1**

(ख) हमारी <u>बेपढ़ी-लिखी</u> माँ यहाँ रहती थी। **1**

(ग) महाविद्यालय की <u>छात्राओं ने</u> सड़क पर जुलूस निकाला। **1**

(घ) बालगोबिन भगत <u>कठोर</u> परिश्रम करते थे। **1**

(ङ) <u>काशी</u> में संगीत आयोजन की एक अद्‌भुत परम्परा है। **1**

6. 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में से अलंकार पहचान कर लिखिए : **4x1=4**

(क) बढ़त देखि जल सम बचन बोले रघुकुल भानु। **1**

(ख) तुम्ह तौ काल हाँक जनु लावा। **1**

(ग) माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई। **1**

(घ) अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में। **1**

(ङ) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान, मृतक में भी डाल देगी जान। **1**

## खंड - ग

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक )

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

काशी संस्कृत की पाठशाला है। शास्त्रों में आनन्दकानन के नाम से प्रतिष्ठित! काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य विश्वनाथ हैं। काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं। काशी में हजारों साल का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं, बड़े रामदास जी हैं, विद्याधारी हैं, मौजूद्दीन खाँ हैं व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। यह एक अलग काशी है, जिसकी अलग तहज़ीब है, अपनी बोली और अपने विशिष्ट लोग हैं। इनके अपने उत्सव हैं, अपना गम, अपना सेहरा-बन्ना और अपना नौहा। आप यहाँ संगीत को भक्ति से, भक्ति को किसी धर्म के कलाकार से, कजरी को चैती से, विश्वनाथ को विशालाक्षी से, बिस्मिल्ला खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते।

(क) काशी की विशेषता है - कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) काशी शास्त्रों में नंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित है।

(II) काशी संस्कृत की पाठशाला है।

(III) काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं।

(IV) काशी में नृत्य विश्वनाथ हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन (I) और (II) सही हैं।

(B) कथन (II) और (III) सही हैं।

(C) कथन (III) और (IV) सही हैं।

(D) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही हैं।

(ख) **कथन :** बिस्मिल्ला खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते। **1**

**कारण :** काशी में भक्ति किसी धर्म विशेष के कलाकार तक सीमित नहीं है।

(A) **कथन** गलत है, किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** सही है, किंतु **कारण** कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **कथन** सही है और **कारण** कथन की सही व्याख्या है।

(D) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(ग) इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। पंक्ति में 'उपकृत' का क्या अर्थ है? **1**

(A) उपकार प्राप्त (B) अपकार प्राप्त

(C) भय प्राप्त (D) निर्भय

(घ) चैती को किससे अलग करके नहीं देख सकते? **1**

(A) चेतन से (B) कजरी से

(C) नौहा से (D) बन्ना से

(ङ) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(I) काशी की संस्कृति को दर्शाना

(II) काशी के सांप्रदायिक सद्भाव का प्रदर्शन

(III) काशी की आधुनिकता को दिखाना

(IV) काशी के अद्‌भुत समन्वय को दिखाना

**विकल्प :**

(A) कथन (I), (II) और (III) सही हैं।

(B) कथन (II), (III) और (IV) सही हैं।

(C) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही हैं।

(D) कथन (I), (II) और (IV) सही हैं।

**8.** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 - 30** शब्दों में लिखिए। **3x2=6**

(क) 'नगरपालिका थी तो कुछ न कुछ करती भी रहती थी' वाक्य में छिपे व्यंग्य को 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **2**

(ख) प्रति वर्ष गंगा स्नान पर जाते समय बालगोबिन भगत के मन में क्या विचार होते थे? **2**

(ग) 'लेखिका की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी' किन्तु वे कभी उसके लिए आदर्श न बन सकी। क्यों? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लिखिए। **2**

(घ) 'संस्कृति' पाठ में संस्कृति का मूल तत्व किसे माना गया है? उसके अभाव में संस्कृति क्या कहलाती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **2**

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5x1=5**

मन की मन ही माँझ रही
कहिए जाइ कौन पै उधौ, नाहीं परत कही
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहानि बिरह दही
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बहीं।
सूरदास अब धीर धरहिं क्यौ मरजादा न लही।।

(क) विरह वेदना की बात किसके मन में रह गई ? **1**

(A) श्री कृष्ण के मन में
(B) गोपियों के मन में
(C) उद्धव के मन में
(D) सूरदास के मन में

(ख) योग संदेश का गोपियों पर क्या प्रभाव पड़ा ? **1**

(A) उनकी विरह वेदना शांत हो गई।
(B) उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।
(C) उद्धव उनको योग संदेश सुना ही नहीं पाए।
(D) उनकी विरह वेदना और अधिक बढ़ गई।

(ग) **कथन** और **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए। **1**

**कथन :** गोपियों के संबंध में श्री कृष्ण ने प्रेम की मर्यादा का पालन नहीं किया।
**कारण :** श्री कृष्ण ने गोपियों के प्रेम के बदले में योग संदेश भिजवाया।

(A) **कथन** गलत है किंतु **कारण** सही है।
(B) **कथन** और **कारण** दोनों ही गलत हैं।
(C) **कथन** सही है और **कारण** कथन की सही व्याख्या है।
(D) **कथन** सही है किंतु **कारण** कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) गोपियाँ किसको आधार बनाकर तन और मन की व्यथा सहन कर रही थी ? **1**

(A) श्री कृष्ण के जाने की आशा
(B) श्री कृष्ण के लौटने की आशा
(C) उद्धव के लौटने की आशा
(D) उद्धव के जाने की आशा

(ङ) 'चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तै, उत तैं 'धार' बही' - पंक्ति में 'धार' का क्या अर्थ है ? **1**

(A) प्रेम की धारा (B) विरह की धारा
(C) योग की धारा (D) संयोग की धारा

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25 - 30** शब्दों में लिखिए। **3x2=6**

(क) मुख्य गायक एवं संगतकार के मध्य जुड़ी कड़ी अगर ध्वस्त हो जाए तो उसके क्या परिणाम हो सकते हैं? स्पष्ट कीजिए। **2**

(ख) कवि ने फसल के निर्माण में कृषक के परिश्रम को अधिक महत्व दिया है, क्यों? **2**

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता के माध्यम से प्रसाद जी के व्यक्तित्व की जो झलक मिलती है, वह उनकी ईमानदारी और साहस का प्रमाण है, स्पष्ट कीजिए। **2**

(घ) 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता भी हो तो बेहतर है।' 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' कविता के आधार पर अपने विचार लिखिए। **2**

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 - 60** शब्दों में लिखिए। **2x4=8**

(क) 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है, वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है? **4**

(ख) देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए। **4**

(ग) विज्ञान के किस दुरुपयोग से समस्त मानव जाति लज्जित हो रही है? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आलोक में अपने विचार लिखिए। **4**

## खंड - घ

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **1x6=6**

(क) सूचना क्रांति में कृत्रिम मेधा (AI) का बढ़ता दबदबा
- सूचना क्रांति से अभिप्राय
- कृत्रिम मेधा से अभिप्राय तथा आवश्यकता
- दुरुपयोग का ख़तरा तथा सावधानी

(ख) भविष्य की ऊर्जा - सौर ऊर्जा
- ऊर्जा से अभिप्राय
- सौर ऊर्जा की आवश्यकता तथा लाभ
- सौर ऊर्जा - असीमित संसाधन

(ग) मेरी पहली हवाई यात्रा
- हवाई यात्रा से अभिप्राय
- यात्रा का अनुभव तथा प्रक्रिया
- यात्रा से उत्पन्न विचार

13. आप विभा / वैभव हैं। आपके क्षेत्र में अवांछित रेहड़ियों की भरमार है, जिसके कारण सारा दिन (ट्रैफिक) यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित यातायात पुलिस अधिकारी को लगभग **80–100** शब्दों में पत्र लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप विभा / वैभव हैं। आपके छोटे भाई का हॉकी की राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ है। उसकी इस उपलब्धि पर घर व आस-पड़ोस में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। पूरे हर्षित वातावरण की जानकारी देते हुए लगभग 100 शब्दों में उसे एक बधाई पत्र लिखिए।

14. आप मानसी / मानस हैं और मोहन नगर, हरिद्वार के निवासी हैं। आपने एम.बी.ए. किया है। आपके क्षेत्र में कखग बैंक की एक नई शाखा में मैनेजर के पद हेतु विज्ञापन निकला हुआ है। इस पद हेतु बैंक के मानव संसाधन अधिकारी को आवेदन भेजने के लिए लगभग **80** शब्दों में अपना स्ववृत्त लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप मानसी / मानस हैं। हाल ही में हुए चुनाव के दौरान आपके शहर की दीवारें नारे लिखने और पोस्टर चिपकाने से गंदी हो गई हैं। इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए जिला चुनाव अधिकारी को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

15. आप अपने तीन वर्ष पुराने स्मार्ट टेलीविजन को बेचने हेतु लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **1x4=4**

**अथवा**

राष्ट्रीय एकता पर्व की एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने मित्र को बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक संदेश लिखिए।

**- o O o -**